जालंधर, रविवार 12 मई 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247





वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


**सुविचार**
कितना खाली लगता है वो घर जहाँ
सबके होते हुए भी माँ ना दिखे

# रिंकू के रोड शो ने चन्नी के उड़ाए होश



## भाजपा को मिल रहे जनसमर्थन ने कांग्रेस और आप की चिंता बढ़ाई, शहरी हल्के में आम आदमी पार्टी का सुपड़ा साफ

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** नामांकन दाखिल करने से पहले शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी सुशील रिंकू के रोड शो में उमड़ी भीड़ ने कांग्रेस प्रत्याशी चरणजीत चन्नी के होश उड़ा दिए। भाजपा को मिल रहे लगातार जनसमर्थन ने जालंधर में हवा का रुख बदल दिया है। रिंकू को शहरी हलके के साथ-साथ देहाती एरिया में भी लोगों का खूब समर्थन मिल रहा है। इस बदले हुए रुख ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की चिंता को बढ़ा दिया। चन्नी की छवि को जहां लगातार धक्का लग रहा है, वही कोई developnent न होने के कारण आम आदमी पार्टी के खिलाफ लोगों में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। शहरी हल्के में तो आम आदमी पार्टी का पूरी तरह सुपड़ा साफ होता दिखाई दे रहा है। आप के प्रत्याशी पवन टीनू की रैली और नुक्कड़ सभाओं में तो भीड़ तक दिखाई नहीं दे रही है और आप का वर्कर भी हताश होकर घर बैठ चुका है। अगर यही हालात रहे तो कांग्रेस और आप की जमीन खिसकना तय है।

# कांग्रेस की देन सिखों की काली सूची को मोदी ने ही किया खत्म

### विदेश मंत्री ने गिनवाई BJP की उपलब्धियां

**जालंधर ( जसवीर ) :** भारत सरकार के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि कांग्रेस सरकारों की देन सिखों की काली सूची को खत्म करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही किया है, जबकि इससे पूर्व किसी भी सरकार ने इसका प्रयास तक नहीं किया। मोदी ने न सिर्फ सिखों की काली सूची को खत्म की, बल्कि उसके बाद उन लोगों को पासपोर्ट और वीसा संबंधी कोई समस्याएं ना रहे, इसका भी समाधान करवाया। 1984 के कत्लेआम के दोषियों को मोदी ने सजा दिलवाई और इससे जुड़े 300 से ज्यादा केसों को खुलवाया। जयशंकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से स्थानीय आर्ट गैलरी में आयोजित बुद्धिजीवी मिलनी में शहर के प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित कर रहे थे।

### केंद्र सरकार की गिनवाई उपलब्धियां

उन्होंने लोगों की ओर से पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि करतारपुर कोरिडोर के माध्यम श्री ननकनाना साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं को वीजा न लेना पड़े, यह प्रावधान भी केंद्र सरकार ने ही करवाया था। पाकिस्तान की ओर से इस बाबत जो जो 20 डालर की फीस लगाई गई है, इसको खत्म करने के लिए पाकिस्तान सरकार से बात की जाएगी, ताकि नानक नामलेवा श्रद्धालुओं को वहां जाने में दिक्कत ना आए।

### ग्लोबलाइज्ड राज्य है पंजाब : जयशंकर

इसके अलावा पासपोर्ट की जगह आधार कार्ड से भी लोग दर्शन करने जा सके, इस विषय पर भी बात की जाएगी, ताकि जिन लोगों के पासपोर्ट नहीं है, वह दर्शनों से महरूम न रहे। उन्होंने कहा कि पंजाब सबसे पहले ग्लोबलाइज्ड राज्य है। विश्व का कोई हिस्सा ऐसा नहीं है, जहां पंजाबी न हो। कोई स्टेट प्राइड ऑफ इंडिया है, तो वो पंजाब ही है।



### मोदी की गारंटी कोई नारा नहीं : जयशंकर

जयशंकर ने कहा कि शिक्षा में सुधार और शिक्षा नीति को भारतीय टच देने के लिए सरकार ने निर्णय लिया है कि तकनीकी शिक्षा से संबंधित पुस्तकों का सभी भाषाओं में अनुवाद करवाया जाएगा, इससे भारतीय भाषाओं से संबंधित युवा भी तकनीकी शिक्षा ले सके। ऐसा ना हो कि तकनीकी शिक्षा सिर्फ अंग्रेजी माध्यम पढ़ने वालों तक ही सीमित रह जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी कोई नारा नहीं है, बल्कि यह पिछले 10 सालों का विश्वास और सरकार का रिकॉर्ड है, जो खुद पर खुद आंकड़ों के साथ बोल रहा है। 10 सालों में देश ने कितनी प्रगति की है और आज हम जिस विकसित भारत की बात कर रहे हैं उसको यहां तक लाने में किस संकल्प के साथ काम हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू समुंदरी, पूर्व राज्यसभा सदस्य श्वेत मलिक, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, डॉ. जसविंदर सिंह ढिल्लो, राजिंदर मोहन सिंह छीना, हरविंदर सिंह संधू आदि उपस्थित थे।

### विकसित अमृतसर के बिना अधूरा विकसित भारत

उन्होंने कहा कि पंजाब भारत का गौरव है और विकसित भारत में विकसित पंजाब और विकसित अमृतसर की परिकल्पना ना हो, यह संभव नहीं है। इस परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें अपना ऐसा वकील चुनकर संसद में भेजना होगा, जो दिल्ली में न सिर्फ अमृतसर की बात रख सके, बल्कि विदेश तक उसका संपर्क हो और वह पैरवी भी कर सके। उन्होंने कहा कि पंजाब में व्यापार के लिए माहौल बनाना होगा इस समय दुनिया भारत में निवेश करना चाहती है, अब यह निर्णय हमें लेना है कि यह निवेश कहां हो किस राज्य या किस शहर में हो। यह सबकुछ आपके वकील यानी सांसद पर निर्भर करता है।

# भाजपा के शीतल अंगुराल ने कांग्रेस के चरणजीत चन्नी को 'धो' डाला

**बोले- चिट्टा पीने वाले चन्नी के साथ कुर्सी लगाकर बैठे हैं**



**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** पंजाब की सबसे हाट सीट बने जालंधर की सियासत में 'चिट्टा' और 'नशा तस्कर' की इंट्री के बाद भाजपा के शीतल अंगुराल ने कांग्रेस के प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को ठोक के जवाब दिया है।

भाजपा के शीतल अंगुराल ने फेसबुक पर लाइव होकर चरणजीत सिंह चन्नी के आरोपों का करारा जवाब दिया है। शीतल अंगुराल ने कहा है कि चिट्टा पीने और पिलाने वाले लोग चन्नी के मंच पर कुर्सी लगाकर बैठे हैं। चन्नी को अगर सबूत चाहिए तो उनसे ले सकते हैं।

### चन्नी का बेटा होटलों का डिफाल्टर

यही नहीं, शीतल अंगुराल ने चरणजीत सिंह के बेटे पर भी सियासी वार किया है। अंगुराल ने कहा है कि चन्नी के बेटे को महंगे होटलों में रुकने का शौक है, लेकिन बिल नहीं भरते हैं। जालंधर के ऐसे महंगे होटलों के मालिक चन्नी के बेटे से परेशान हैं। होटल मालिक फोन कर चन्नी के बेटे से अपना बिल मांग रहे हैं, लेकिन उन्हें बिल नहीं दिया जा रहा है।

शीतल अंगुराल ने कहा है कि चन्नी को अपने नामांकन के लिए चमकौर साहिब से लोगों को बुलाना पड़ा। जालंधर में उन्हें कोई वर्कर नहीं मिल रहा है। चन्नी की हार निश्चित है, इसलिए वे बेफिजूल बातें कर रहे हैं। जिसका कोई सबूत उनके पास नहीं है।








आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247






## पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार और पंजाबी कवि सुरजीत पातर का निधन, 79 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा



**जालंधर( जसवीर ):** पद्मश्री से सम्मानित पंजाबी कवि सुरजीत पातर का शनिवार सुबह लुधियाना की बरेवाल कॉलोनी में उनके आवास पर निधन हो गया. वे 79 वर्ष के थे. उनके परिवार के लोगों ने कहा कि सुरजीत पातर रात को सोए थे, फिर वे नींद से नहीं जागे. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित कई राजनीतिक नेताओं ने पातर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि यह पंजाबी साहित्य की दुनिया के लिए बड़ी क्षति है. पातर की काव्य रचनाओं में हवा विच लिखे हर्फ, हनेरे विच सुलगदी वरनमाला, पतझर दी पाजेब, लफजान दी दरगाह और सुरजमीन शामिल हैं. उन्हें साल 2012 में साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया. पातर पंजाब कला परिषद के अध्यक्ष थे. वे पंजाबी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष भी रहे.

कवि और लेखक सुरजीत पातर को साहित्य अकादमी पुरस्कार, पंचनद पुरस्कार, सरस्वती सम्मान और कुसुमाग्रज साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. उन्होंने जालंधर जिले के पातर गांव से निकलकर कपूरथला के रणधीर कॉलेज से स्नातक किया. इसके बाद गुरु नानक देव विश्वविद्यालय से गुरु नानक वाणी में लोककथाओं के परिवर्तन विषय पर पीएचडी की. वे लुधियाना में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय से पंजाबी के प्रोफेसर के रूप में सेवानिवृत्त हुए.

पातर ने फेडेरिको गार्सिया लोर्का की तीन त्रासदियों, गिरीश कर्नाड के नाटक नागमंडला और बर्टोल्ट ब्रेख्त और पाब्लो नेरुदा की कविताओं को पंजाबी में अनुवाद भी किया. एक्स पर एक पोस्ट में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पातर के निधन पर गहरा दुख जताया है.

वहीं पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने पंजाबी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया. उन्होंने कहा कि वह पातर के निधन पर दुखी हैं, जिन्होंने पंजाबी भाषा की सेवा की और इसे विश्व मानचित्र पर चमकाया. पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता अमरिन्दर सिंह ने एक्स पर लिखा- एक युग का अंत, प्रसिद्ध पंजाबी लेखक और कवि पद्मश्री सुरजीत पातर का आज निधन हो गया. उनके परिवार और दुनियाभर में लाखों प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना.

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि पातर के निधन से साहित्य की दुनिया में एक खालीपन आ गया है. बादल ने कहा कि शिव बटालवी के बाद पातर साहिब पंजाबियों के सबसे प्रिय कवि थे. मैं उनके परिवार और उनके शुभचिंतकों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं.

## मैडम रास्ता दीजिए, मुझे साइकिल चलानी है... पूछना पड़ा महंगा; परिजनों ने युवक को पीट-पीट कर पहुंचा दिया अस्पताल



**जालंधर (काजल विज):** मैडम रास्ता दीजिए, मुझे साइकिल चलानी है, यह कहना एक शख्स को महंगा पड़ गया। जब लड़की और उसके परिजनों ने साइकिल सवार को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हमलावर युवती, उसकी मां, पिता और भाई के खिलाफ इरादा ए हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**आरोपियों को नहीं किया गया गिरफ्तार:** फिलहाल अभी तक आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। थाना दयालपुरा के सहायक थानेदार मंदिर सिंह के अनुसार अंग्रेज सिंह निवासी भगता भाइका ने शिकायत दर्ज कराई है कि बीती 6 मई को वह साइकिल चला रहा था। इस दौरान एक युवती सड़क के बीचो-बीच खड़ी हुई थी। पीड़ित के मुताबिक जब उसने उक्त लड़की से कहा कि मैडम रास्तो से हट जाओ और उसे रास्ता दो, मुझे साइकिल चलानी है, तो उक्त युवती बहस करने लगी कि उसने उसे मैडम क्यों कहा।

**गंभीर रूप से घायल युवक:** इसी बीच युवती के पिता, मां और भाई भी मौके पर आ गए। उक्त लोगों ने तीन अज्ञात लोगों के साथ मिलकर जान से मारने की नीयत से उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौज की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि पीड़ित की शिकायत पर गोलो कोर, उसके पिता जसवंत सिंह, मां परमजीत कौर, भाई गोरी और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पंजाब बोर्ड 10वीं, 12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन शुरू



**जालंधर( नितिका ):** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड, मोहाली की ओर से पंजाब बोर्ड की कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आज, 11 मई 2024 से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है. स्टूडेंट्स PSEB की आधिकारिक वेबसाइट pseb.ac.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं.

पंजाब बोर्ड कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन 25 मई 2024 तक किए जा सकते हैं.आवेदन पत्र पूरा करने और लेट फीस का ऑनलाइन भुगतान करने की अंतिम तिथि 7 जून 2024 है. वहीं क्षेत्रीय कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून 2024 है.

लास्ट डेट के बाद पंजीकरण करने वाले स्टूडेंट्स को 1,000 रुपये लेट फीस के तौर पर जमा करने होंगे. कंपार्टमेंट परीक्षा उन उम्मीदवारों के लिए है, जो 10वीं और 12वीं की परीक्षा में एक या उससे अधिक विषयों में फेल हुए हैं. हाईस्कूल की परीक्षा में दोबारा बैठने के लिए छात्रों को 1,350 रुपये का भुगतान करना होगा. वही इंटरमीडिएट के छात्रों को 1,750 रुपए का भुगतान करना है.

### PSEB Compartment Exam 2024 के लिए ऐसे करें अप्लाई

- पंजाब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट pseb.ac.in पर जाएं
- होम पेज पर Punjab Board Compartment Exam Form के लिंक पर
- क्रेडेंशियल का उपयोग करके लॉगिन करें और आवेदन पत्र भरें

### आवेदन शुल्क का भुगतान करें

- अब फॉर्म सबमिट करें और प्रिंट आउट निकाल लें
- कैसा रहा पंजाब बोर्ड का रिजल्ट?

पंजाब बोर्ड 10वीं परीक्षा का रिजल्ट 18 अप्रैल को और 12वीं का 30 अप्रैल को घोषित किया गया था. पंजाब बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा में इस बार करीब 2 लाख 97 हजार से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए थे. जिनमें से 97.24 फीसदी स्टूडेंट्स सफल रहे और लड़कियों ने लड़कों की मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया. 10वीं में कुल 98.46 लड़कियां पास हुई वहीं लड़कों का पास प्रतिशत 96.73 रहा था.

12वीं की परीक्षा में इस बार कुल 2,84,452 स्टूडेंट्स शामिल हुए थें, जिनमें से कुल 2,64,662 ने सफलता प्राप्त की है. वहीं इंटरमीडिएट में कुल 2,981 स्टूडेंट्स असफल रहें, जो कुल छात्रों का 1.04 प्रतिशत है. वहीं लड़कियों का रिजल्ट 95.74 फीसदी और लड़कों का 90.74 फीसदी दर्ज किया गया.

## भाजपा उम्मीदवार रवनीत बिट्टू को आधी रात मिला दो करोड़ के किराए का नोटिस, पूर्वजों की जमीन रखी गिरवी



**जालंधर( काजल विज ):** लुधियाना से भाजपा उम्मीदवार रवनीत सिंह बिट्टू को नामांकन करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। हुआ यूं, कि बिट्टू रोज गार्डन की जिस सरकारी कोठी में पिछले दस साल से रह रहे हैं। नगर निगम ने वीरवार की मध्य रात्रि करीब सवा बारह बजे बिट्टू को उस कोठी का दो करोड़ से अधिक का किराए का नोटिस थमा दिया। शुक्रवार सुबह अपने दादा की पुश्तैनी जमीन गिरवी रखने के बाद बिट्टू ने बिल का भुगतान कर एनओसी लिया और इसके बाद ही वे नामांकन दाखिल कर सके। इसके लिए बिट्टू एवं उनके साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री तक जिला चुनाव अधिकारी के परिसर में दो घंटे से अधिक वक्त तक बैठे रहे।

### बिट्टू ने सरकार पर लगाया आरोप

सरकार के इस कदम पर बिट्टू ने कहा कि उन्होंने करीब दस दिन पहले ही एनओसी के लिए आवेदन किया था, लेकिन उनको एनओसी नहीं दिया जा रहा था, जबकि चुनाव आयोग की गाइड लाइन्स के अनुसार 48 घंटे में एनओसी जारी करना जरूरी है। बिट्टू ने कहा कि उनको पहले ही दाल में काला लग रहा था। सरकार सोच रही थी कि नामांकन से पहले ही इस तरह की हरकत की जाएगी, ताकि पैसे का इंतजान न हो और नामांकन में विघ्न पैदा हो। हुआ भी यही। रात के अंधेरे में सवा बारह बजे नगर निगम के कमिश्नर संदीप ऋषि ने उनके पास दो करोड़ से भी अधिक रुपये का कोठी के किराए का नोटिस भेज दिया।

बिट्टू ने कहा कि उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीन को रिश्तेदारों एवं दोस्तों के पास गिरवी रख कर सुबह ही पैसों का इंतजाम करके नगर निगम में जमा करा दिए और इसके बाद एनओसी दी गई। साफ है कि सरकार ने परेशान करने के लिए ही यह सब किया है।

बिट्टू ने कहा कि सुरक्षा करणों के कारण वह इस कोठी में दस साल से रह रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय, पंजाब सरकार समेत सभी के नोटिस में यह है, लेकिन भगवान जानता है कि सरकार के मन में क्या है। बिट्टू ने कहा कि आप को लगने लगा है कि अब वे जीत नहीं सकते, इसलिए ऐसी हरकतें करके चुनाव तारपीडो करने की कोशिशें की जा रही हैं। पहले सभी मैंदान में उतर कर चुनाव लड़ते थे, लेकिन अब इस तरह की रूकावटें पैदा कर रहे हैं। आने वाले दिनों में पता लगेगा, इनकी मंशा क्या है।

### भाजपा दफ्तर में लगाऊंगा मंजा : बिट्टू

भाजपा नेता रवनीत बिट्टू ने कहा कि भाजपा से उनको बेहद प्यार मिला है, भाजपा उनका परिवार हैं और अब वे भाजपा दफ्तर में ही मंजा लगाएंगे और वहीं से ही चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे। उन्होंने कहा कि विरोधी जितने मर्जी पैंतरें आजमा लें, लेकिन वे सफल नहीं हो पाएंगे।

### आप सरकार जानबूझ कर भाजपा उम्मीदवारों को कर रही परेशान : रूपाणी

गुजरात के पूर्व सीएम, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के प्रभारी विजय रूपाणी ने कहा है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार जानबूझ कर भाजपाईयों को परेशान कर रही है। लुधियाना में रात के अंधेरे में रवनीत बिट्टू को दो करोड़ से अधिक का नोटिस थमाया जाता है, जबकि बठिंडा में पूर्व आईएएस को भी एनओसी नहीं दिया जा रहा। भाजपा ऐसे हथकंडों से लड़ना जानती है और जनता भी चुनावों में इसका जवाब आम आदमी पार्टी को देगी। अपनी हार देख कर आम आदमी पार्टी घबरा रही है। रूपाणी ने कहा कि पंजाब में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता प्रचार के लिए आएंगे।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247






# जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल, अब पंजाब में तेज होगी चुनावी धार



**जालंधर ( हिमांशु ) :** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को तिहाड़ जेल से अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया गया। जेल से बाहर आते ही केजरीवाल के सियासी तेवर देखने को मिले। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी तमाम चुनावी रैलियां व रोड शो छोड़कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

जेल से बाहर निकलते ही केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल, बेटी के अलावा सीएम मान और पंजाब से राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक से मुलाकात की। केजरीवाल के जेल से बाहर आते ही अब पंजाब में आप की चुनावी धार तेज होगी।

सत्तारूढ़ दल होने के नाते आप का कांग्रेस, भाजपा और शिअद से सीधा मुकाबला है।2022 के विधानसभा चुनाव में जिस कदर पार्टी ने जनाधार जुटाया है, उसे लोकसभा चुनाव में दोहराने का प्रयास होगा। सीधे तौर पर कांग्रेस के लिए चुनौतियां आने वाले दिनों में ज्यादा बढ़ेंगी। इंडिया गठबंधन में बेशक आप और कांग्रेस एक दूसरे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं, लेकिन पंजाब में दोनों के बीच रोजाना टकराव देखने को मिल रहा है। केजरीवाल के बाहर आते ही पंजाब का सियासी पारा भी बढ़ेगा।

### लोकतंत्र को बचाने के लिए अब शिद्दत से लड़ेंगे : मान

तिहाड़ से केजरीवाल की रिहाई होते ही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने एक्स पर पोस्ट किया कि अब हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को और शिद्दत के साथ लड़ेंगे।

सीएम ने लिखा कि अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं एक सोच है और अब इस सोच को और तेजी के साथ आगे लेकर बढ़ेंगे। आंखों के इलाज के कारण विदेश गए राज्य सभा सांसद राघव चड्ढा ने भी एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हर देशवासी की आंखें खुशी से नम हैं, उनके भाई उनके बेटे अरविंदर केजरीवाल जेल से बाहर आने वाले हैं। लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए सुप्रीमकोर्ट का आभार।

**आप के प्रत्याशियों, मंत्रियों और विधायकों में जोश :** केजरीवाल के जेल से बाहर आते ही पंजाब में आप प्रत्याशियों, मंत्रियों और विधायकों में जोश देखने को मिल रहा है। पंजाब के मंत्री चेतन सिंह जोड़ामाजरा, डॉ. बलबीर सिंह, डॉ. हरपाल चीमा, गुरमीत मीत हेयर और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता व विधायकों ने कहा कि इससे पार्टी को बल को मिलेगा।

सीएम केजरीवाल ने जिस प्रकार दिल्ली में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और क्षेत्रों में कार्य किए हैं, उन्हें पंजाब में सीएम भगवंत मान के नेतृत्व में लागू किया जा रहा है।

## '4 जून को बिना AAP के नहीं बन पाएगी सरकार', पंजाब के सीएम भगवंत मान का बड़ा दावा

**जालंधर( हिमांशु ) :** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की रिहाई के बाद उन्होंने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. इस दौरान पंजाब के सीएम भगवंत मान भी मौजूद थे.

भगवंत मान ने कहा कि 4 जून की तैयारी कर लीजिए. 4 जून को आम आदमी पार्टी के बिना केंद्र में सरकार नहीं बन पाएगी. आपका हिस्सा होगा केंद्र की सरकार में. यही दिन देखने के लिए हम बैठे थे. भगवंत मान ने कहा, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि 4 जून की तैयारी कर लो, क्योंकि चार जून को बिना आम आदमी पार्टी के देश में सरकार नहीं बनने वाली है. सरकार में आपकी हिस्सेदारी होगी. इसी का हमको इंतजार था. संकट के समय में जो वफादार होते हैं वे ऑर्गेनिक होते हैं और आप आर्गेनिक हैं.

### केजरीवाल आउट नहीं रिटायर्ड हर्ट हुए थे- सीएम मान

मान ने आगे कहा, अरविंद केजरीवाल कुछ घंटे पहले आए हैं और आते हुए कहा कि कहां- कहां कार्यक्रम में हैं. मैंने कहा कि मेरे साउथ और ईस्ट में रोडशो थे. वह आए और उन्होंने कहा कि मैं भी साथ में चलूंगा. जो लोग वहां रहते हैं उन्हें मेसेज दे दो कि आज अरविंद केजरीवाल एकबार फिर बैटिंग करने के लिए उसी पिच पर आ गए हैं. वह आउट नहीं हुए थे वह रिटायर्ड हुए थे. बैटिंग से उन्हें दूर कर दिया गया था.




पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए भगवंत मान ने कहा, पहले तीन राउंड में मोदी जी को पता चल गया कि अबकी बार 400 पार नहीं बल्कि बेड़ा पार. जब भी किसी नेता ने भ्रम पाला कि मैं लोकतंत्र से बडा हूं तो लोगों ने अपनी ताक़त से उसको सबक़ सिखाया है. यहां से 100 मीटर दूर सन्नाटा छाया हुआ है. एक-दूसरे से पूछ रहे है कि अब क्या होगा? 20 दिन रह गए हैं अब ज़्यादा काम करना है.

**पीएम मोदी की डिक्शनरी में केवल 10-12 शब्द हैं - सीएम मान**

पीएम मोदी पर तंज करते हुए पंजाब के सीएम ने कहा, हमने पंजाब में थर्मल प्लांट खरीदा है जबकि मोदी जी ने सबकुछ बेचा है. हम नाम की राजनीति नहीं करते बल्कि काम की राजनीति करते हैं.

10 साल बाद भी अगर किसी को मंगलसूत्र के नाम पर वोट मांगनी पड़े तो यह शर्म की बात है. कोई काम गिना दो कि जो इन्होंने किया हो, अस्पताल बनाया या स्कूल बनाया तो पूछ लो. मान ने आगे कहा, हिंदी में साढ़े छह लाख शब्द हैं. लेकिन पीएम मोदी के पास केवल 10-12 हैं. वह भी चुनाव के वक्त बोलते हैं. इस डिक्शनरी को बदलने की जरूरत है.

# पंजाब भर में लगाई गई राष्ट्रीय लोक अदालत

**जालंधर ( संदीप मान ) :** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज और पंजाब राज्य कानूनी सेवा अथॉरिटी के कार्यकारी चेयरमैन माननीय जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालीया के नेतृत्व अधीन आज राज्य भर में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। इस लोक अदालत में कुल 371 बैंचों में लगभग 2.87 लाख केस सुनवाई के लिए पेश हुए। इस लोक अदालत में दीवानी केस, घरेलू झगड़े, जायदाद के झगड़ों, चैक बाऊंस केस, मज़दूरी सम्बन्धी मामले, क्रिमिनल कम्पाऊंडेबल केस, अलग-अलग एफ.आई.आरज़ की कैंसलेशन/अनट्रेस्ड रिपोर्टों आदि से सम्बन्धित लम्बे समय से लटकते आ रहे मामलों पर सुनवाई की गई।




इस मौके पर पंजाब राज्य कानूनी सेवा अथॉरिटी के ज़िला और सैशन जज एवं मैंबर सचिव मनजिन्दर सिंह और स्मृति धीर अतिरिक्त मैंबर सचिव ने कोर्ट कॉम्पलैक्स लुधियाना का दौरा करके लोक अदालतों के बैंचों का निरीक्षण किया।मैंबर सचिव ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य मंतव्य आपसी समझौते के द्वारा झगड़ों का निपटारा करवाना है। लोगों को वैकल्पिक झगड़ा निवारण केन्द्रों के द्वारा झगड़ों का निपटारा करवाना चाहिए, क्योंकि इससे लोगों के कीमती समय और पैसे की बचत होती है।

मैंबर सचिव ने आगे यह भी बताया कि राष्ट्रीय कानूनी सेवा अथॉरिटी नयी दिल्ली द्वारा राज्य भर में मुफ्त कानूनी सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 चालू किया गया है, जिससे हर जरूरतमंद व्यक्ति घर बैठे ही मुफ्त कानूनी सहायता सम्बन्धी हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। मैंबर सचिव ने बताया कि पंजाब राज्य कानूनी सेवा अथॉरिटी लोगों के फ़ैसले करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि लोक अदालतों में अपने मामलों का फ़ैसला करवा कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

## झकझोर कर रख देगी यह खबर!

# पटियाला में सात साल की बच्ची के साथ हैवानियत, गाल पर दिखे थप्पड़ के निशान

**जालंधर ( संदीप मान ) :** त्रिपड़ी इलाके में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की खबर सामने आ रही है। इलाके में स्कूटी सवार एक सात साल की बच्ची का अपहरण कर अपने साथ ले गया। जिसके बाद उसने पीड़िता बालिका के साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया और उसके साथ मारपीट कर करीब दस घंटे बाद वापस घर भेज दिया।



यह घटना 9 मई की शाम करीब सात बजे की है। इस मामले में पुलिस ने 10 मई को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

पुलिस स्कूटी ट्रेस कर रही है ताकि आरोपित की पहचान की जा सके। बच्ची के मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच महिला पुलिस अधिकारी किरनजीत कौर को सौंपी गई है।

**दुष्कर्म के बाद आरोपी ने बच्ची को छोड़ा घर :** घटना के अनुसार 9 मई को शाम करीब सात बजे बच्ची घर से साइकिल चलाने की बात कह कर निकली थी। बच्ची का पिता ऑटो चालक है जबकि मां प्राईवेट स्कूल की टीचर है। दो बहनों में पीड़ित बच्ची सबसे छोटी है, जो साइकिलचलाने घर से बाहर निकली थी।

कुछ देर बाद बच्ची दिखाई नहीं दो बाहर आकर देखा लेकिन बच्ची कहीं पर भी नहीं मिली। दिन भर परिवार बच्ची को तलाश करता रहा, कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस को शिकायत कर दी थी।

**बच्ची के गाल पर थप्पड़ के निशान:** दस मई को सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर किसी ने दरवाजा खोल बच्ची को अंदर छोड़ा और घंटी बजाई। परिवार ने देखा तो बच्ची के गाल पर थप्पड़ मारने के निशान थे। बच्ची ने बताया कि एक स्कूटी सवार उसे रूमाल सुंघाकर अपने साथ ले गया था, जिसने उसके साथ मारपीट कर गंदी हरकत की थी। बाद में वही व्यक्ति उसे स्कूटी पर घर छोड़ने आया था। फिलहाल पुलिस ने इलाके के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करनी शुरू कर दी है ताकि आरोपित को जल्दी पकड़ा जा सके।

# अमृतपाल सिंह की जमानत याचिका खारिज

## खडूर साहिब सीट के लिए जेल से भरा नामांकन



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब सरकार ने शुक्रवार ( 10 मई ) को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट को जानकारी दी कि लोकसभा चुनाव में खडूर साहिब सीट से कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह के लिए नामांकन पत्र दाखिल कराने की व्यवस्था की है. राज्य सरकार ने यह जानकारी 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह द्वारा दायर याचिका पर दी है. वह इस समय राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है.

याचिका में अमृतपाल सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सात दिनों की अस्थायी रिहाई की मांग की थी. इसके अलावा उसने वैकल्पिक रूप से प्रतिवादियों को उसके नामांकन पत्र दाखिल करने की व्यवस्था करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था. अमृतपाल बतौर निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ रहा है. लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर एक जून को मतदान होगा. बता दें मामला न्यायमूर्ति विनोद एस भारद्वाज की कोर्ट के सामने आने पर पंजाब के उप महाधिवक्ता अर्जुन श्योराण ने यह जानकारी दी.

नौ मई को अमृतपाल सिंह द्वारा नामांकन फॉर्म और अन्य कागजी कार्रवाई के दो सेट भरे गए और हस्ताक्षर किए गए. बंदी को नौ मई को डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में अपने प्रस्तावक और वकील से मिलने की अनुमति दी गई थी.

### जमानत याचिका खारिज

उन्होंने बताया कि डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार के अधीक्षक उम्मीदवार के लिए प्रकाशित पुस्तिका-2023 सहित कानून के प्रावधानों के अनुसार बंदी को शपथ दिलाएंगे और शपथ की प्राप्ति के लिए प्रमाण पत्र जारी करेंगे. साथ ही शपथ का मूल फॉर्म खडूर साहिब के निर्वाचन अधिकारी को भेजेंगे. अर्जुन श्योराण ने बाद में बताया कि अदालत ने याचिका को निरर्थक करार देते हुए उसका निपटारा कर दिया.

## अमृतपाल सिंह के पास महज 1000 रुपये की संपत्ति, पत्नी की प्रॉपर्टी को लेकर चुनावी हलफनामे में बड़ा खुलासा





**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** वारिस पंजाब दे संगठन का मुखिया अमृतपाल सिंह पंजाब की खडूर साहिब सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहा है. अमृतपाल सिंह को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर असम की डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है.अमृतपाल सिंह ने गुरुवार को असम की डिब्रूगढ़ जेल में अपना नामांकन पत्र भरा. जिसके बाद उसके चाचा ने शुक्रवार को तरनतारन जिले में नामांकन दाखिल किया है.

चुनावी हलफनामे के अनुसार अमृतपाल सिंह के पास अमृतसर के रय्या बाबा बकाला के एसबीआई बैंक में 1,000 रुपए का बैंक बैलेंस है. इसके अलावा अमृतपाल सिंह के पास कोई चल या अचल संपत्ति नहीं है.

**अमृतपाल की पत्नी लाखों की मालकिन :** बता दें कि 31 वर्षीय अमृतपाल सिंह खडूर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहा है. जहां उसके पास संपत्ति के नाम पर एसबीआई बैंक में मात्र 1 हजार रुपए है. वहीं उसकी पत्नी लाखों की मालकिन है. किरणदीप कौर के पास 18.37 लाख रुपए की चल संपत्ति है. जिसमें से 20,000 हजार रुपए नकद, 14 लाख रुपये के सोने के आभूषण और 4,17,440 रुपए के बराबर 4,000 जीबीपी (पाउंड) शामिल हैं, जो रेवोल्यूट लिमिटेड, लंदन, यूके में खाते में हैं. अमृतपाल सिंह को उसके माता-पिता पर निर्भर दिखाया गया है जबकि उनकी पत्नी ब्रिटिश नागरिक हैं. हलफनामे के अनुसार किरणदीप कौर यूके में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में भाषा अनुवादक के रूप में काम करती थीं, लेकिन अब वे एक गृहिणी हैं. अमृतपाल सिंह ने घोषणा की है कि उनके खिलाफ 12 आपराधिक मामले लंबित हैं, हालांकि उन्हें किसी भी मामले में दोषी नहीं ठहराया गया है.

**अजनाला की घटना के सुर्खियों में आया था अमृतपाल :** आपको बता दें कि अमृतपाल सिंह अपने नौ सहयोगियों के साथ 23 अप्रैल 2023 असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं. अमृतपाल सिंह मैट्रिक तक पढ़ा हुआ है. उसने अमृतसर के फेरुमन के एक स्कूल से 2008 में मैट्रिक की परीक्षा पास की थी. अमृतपाल पिछले साल 18 मार्च को जालंधर जिले से पुलिस की गिरफ्त से भाग लगा था. 23 फरवरी को अजनाला की घटना के बाद पंजाब पुलिस ने अमृतपाल के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी. अजनाला थाने में अमृतपाल और उनके समर्थकों ने तलवारें और बंदूकें लहराई थी. अपने साथी लवप्रीत सिंह तूफान की रिहाई के लिए अमृतपाल अपने समर्थकों के साथ थाने में घुसा था इस दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हुई थी. जिसको लेकर पुलिस अमृतपाल पर हत्या का प्रयास, पुलिस कर्मियों पर हमला और लोक सेवकों द्वारा कर्तव्य के वैध निर्वहन में बाधा उत्पन्न करने से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज किए थे.

# दिल्ली में मचा ऐसा गदर की हर तरफ त्राहिमाम, दो की मौत, 9 विमान डायवर्ट




**जालंधर ( काजल विज ) :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में शुक्रवार देर शाम धूल भरी आंधी आई और हल्की बारिश भी हुई। मौसम खराब हो जाने के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने वाली 9 उड़ानों का गतंव्य परिवर्तित करना पड़ा। तकरीबन 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा ने व्यापक पैमाने पर तबाही मचाई. तूफान की चपेट में आने से दर्जनों पेड़ उखड़ गए तो बहुत से मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग के पास 500 से भी ज्यादा कॉल किए गए. मौसम के तांडव के चलते 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं।

मौसम की मार ऐसी पड़ी कि दिल्ली के एयपोर्ट पर लैंड करने वाले कई विमानों को दूसरे स्थान पर भेजना पड़ा. एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली आने वाली कुछ उड़ानों को जयपुर भेज दिया गया. ।धूल भरी आंधी की प्रचंडता को इसी से समझा जा सकता है कि मौसम विभाग ने लोगों को घरों के अंदर ही रहने और अनावश्यक यात्रा से परहेज करने की सलाह दी थी. आईएमडी ने एडवायजरी जारी कर कहा था, 'निवासियों से आग्रह किया जाता है कि वे घरों के अंदर ही रहें, अपनी खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें और अनावश्यक यात्रा से बचें.' आईएमडी ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रुकने और पेड़ों के नीचे खड़े होने से परहेज करने की भी सलाह दी थी।

### ट्रैफिक पुलिस की एडवायजरी

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने जनकपुरी बी-2 में एक बड़े पेड़ के टूटने से सड़क अवरुद्ध होने के मद्देनजर धरम मार्ग और जनकपुरी की ओर आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए यातायात परामर्श जारी किया है। यात्रियों से इन रास्तों का उपयोग करने से बचने को कहा गया है। तेज हवाओं के चलते शहर के कई इलाकों में पेड़ उखड़ने की घटनाएं दर्ज की गईं. मौसम कार्यालय के मुताबिक, शनिवार को भी आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है और अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 39 से 29 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

### दो लोगों की मौत

दिल्ली पुलिस ने बताया कि पेड़ के उखड़ कर गिरने की घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि मकानों को नुकसान पहुंचने के कारण 17 अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि पेड़ उखड़ने के 152, मकान के क्षतिग्रस्त होने के 55 और बिजली आपूर्ति बाधित होने के 202 फोन कॉल्स आए थे।

दिल्ली के साथ ही आसपास के लगते इलाकों में भी मौसम के तल्ख तेवर का असर देखा गया. शनिवार को भी मौसम बदला-बदला रह सकता है।

# पंजाब सरकार ने स्वीकार किया आईएएस परमपाल कौर का इस्तीफा, बठिंडा से है भाजपा उम्मीदवार




**जालंधर ( काजल विज ) :** पंजाब सरकार ने आईएएस परमपाल कौर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उन्होंने भाजपा ने बठिंडा से अपना उम्मीदवार बनाया है। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता सिकंदर सिंह मलूका की बहू भाजपा प्रत्याशी एवं आईएएस परमपाल कौर मलूका ने स्वैच्छिक सेवामुक्ति के लिए वॉलंटियर रिटायरमेंट प्रक्रिया को अपनाया था।

परमपाल ने वीआरएस की प्रक्रिया इसलिए अपनाई थी ताकि उनको नौकरी छोड़ने के बाद वे सभी लाभ मिल सकें, जो किसी भी आईएएस अधिकारी को उसका कार्यकाल समय पूरा होने के बाद रिटायरमेंट पर मिलते हैं। इसके बाद परमपाल कौर दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गई थीं, जिसके बाद पार्टी ने उन्हें बठिंडा से प्रत्याशी घोषित कर दिया था।

उनके भाजपा में शामिल होने के बाद सीएम भगवंत मान ने पोस्ट किया था कि अभी तक उनका इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है। मान ने कहा था कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार और कुछ कानूनी कर्तव्य भी हैं कि कब और कैसे इस्तीफा स्वीकार करना है। इसके लिए कुछ नियम-कायदे हैं, जिसका हर हाल में अनुपालन करना पड़ता है। मंगलवार को पंजाब सरकार ने उनको नोटिस जारी कर कहा था कि वे तुरंत अपनी ड्यूटी जॉइन करें, क्योंकि उनको तीन महीने के नोटिस पीरियड से छूट नहीं दी गई है। वे ड्यूटी से रिलीव या रिटायर नहीं मानी जा सकती हैं। ड्यूटी जॉइन न करने की सूरत में उनको उचित कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई थी। इसके जवाब में परमपाल कौर ने कहा कि केंद्र सरकार ने मुझे सेवा मुक्त कर किया है।

पंजाब सरकार को जो कारवाई करनी है करें, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि जब वे सेवामुक्त ही हो चुकी हैं तो ऐसे में अब पंजाब सरकार का तो कोई मतलब ही नहीं बनता कि उन्हें नोटिस भेजे।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



# सीमा से सटे पंजाब के शहरों में चीनी ड्रोन छोड़ रहा है पाकिस्तान, चौबीसों घंटे मुस्तैद बीएसएफ के जवान

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** लोकसभा चुनाव के दौरान पाकिस्तान ने पंजाब में ड्रोन के जरिए हथियार और नशे के पैकेट गिराने की रफ्तार बढ़ा दी है। पहले सप्ताह में दो चार ड्रोन आते थे, वहीं दो सप्ताह में अब डेढ़ दर्जन से अधिक ड्रोन बरामद हो रहे हैं।

पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगते गांवों के खेतों में बीएसएफ के सतर्क जवान, महज 24 घंटे में ही तीन से चार ड्रोन बरामद कर रहे हैं। खास बात है कि बीएसएफ द्वारा बरामद किए गए सभी ड्रोन चीन निर्मित हैं।

इंटेलिजेंस एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान को चीन से हजारों ड्रोन की एक बड़ी खेप प्राप्त हुई है। अब पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने ये ड्रोन आतंकियों, घुसपैठियों और तस्करों को मुहैया कराए हैं। पाकिस्तान की सीमा से ये ड्रोन पंजाब के सीमावर्ती गांवों के खेतों में भेजे जा रहे हैं। अधिकांश ड्रोन के साथ पीले रंग की टेप वाला एक पैकेट रहता है। उसमें हथियार या ड्रग्स के छोटे पैकेट होते हैं।




## पाकिस्तान को चीन से ड्रोन की बड़ी खेप हासिल हुई

पाकिस्तान को चीन से भारी मात्रा में ड्रोन हासिल हुए हैं। इन्हीं ड्रोन के जरिए पड़ोसी मुल्क, पंजाब में रोजाना ड्रग्स व हथियार भेज रहा है। सीमा पार पाकिस्तानी इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई द्वारा ड्रोन भेजने के लिए वहां के आतंकी संगठनों एवं तस्करों को तकनीकी मदद दी जाती है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी के उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है, पाकिस्तान और चीन का यह खेल तो अब सभी के सामने है। इसमें कहीं कोई शक नहीं है। पाकिस्तान को चीन से ड्रोन की बड़ी खेप हासिल हुई है। हालांकि इन ड्रोन की खरीद का कोई वित्तीय मेकेनिज्म नजर नहीं आता। संभव है कि दोनों मुल्कों के बीच किसी अन्य समझौते की बदौलत ये ड्रोन पाकिस्तान पहुंचे हैं। कुछ महीने पहले तक सप्ताह में पाकिस्तान की तरफ से पंजाब में दो चार ड्रोन आते थे, अब पिछले कुछ समय से लगातार ड्रोन आ रहे हैं। कई बार तो एक ही दिन में कई ड्रोन छोड़े जा रहे हैं। बीएसएफ द्वारा मार गिराए गए अधिकांश ड्रोन, क्वाडकॉप्टर (मॉडल डीजेआई मेविक 3 क्लासिक, मेड इन चाइना) और क्वाडकॉप्टर (मॉडल डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके, मेड इन चाइना) सीरिज के होते हैं।

## सालाना 15 करोड़ रुपये खर्च करता है पड़ोसी

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान से पंजाब में आने वाले अनेक ड्रोन पहले असेंबल भी किए जाते रहे हैं। पाकिस्तान को चीन से सस्ती दरों पर ड्रोन के पुर्जे मिल जाते हैं। इन्हें पाकिस्तान में जोड़ कर ड्रोन तैयार किया जाता है। चाइनीज पुर्जों के जरिए डेढ़ से दो लाख रुपये में एक ड्रोन तैयार हो जाता है। पंजाब सेक्टर में बीएसएफ द्वारा मार गिराए गए अनेक ड्रोन क्वाडकॉप्टर डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके सीरिज के रहे हैं। ड्रोन का फ्लाइंग टाइम और भार सहने की क्षमता पर कीमत तय होती है।

आर्थिक मार के बावजूद भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने के लिए, पाकिस्तान सालाना 15 करोड़ रुपये खर्च करता है। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी बताते हैं कि पाकिस्तान द्वारा गत दो वर्षों से भारी संख्या में ड्रोन, भारतीय सीमा में भेजे जा रहे हैं। गत वर्ष अकेले पंजाब में ही करीब ढाई सौ ड्रोन आए थे। राजस्थान से लगती सीमा पर भी ड्रोन की गतिविधियां बढ़ रही हैं।

## ड्रोन गिराने के लिए कई राउंड फायर

पाकिस्तान से आने वाले चीन निर्मित ड्रोन के सिस्टम में कई तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। बीएसएफ से बचने के लिए ड्रोन की आवाज और उसकी लाइट को बंद कर दिया जाता है। पंजाब से लगते भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर जब घना कोहरा छा जाता है, तब दर्जनों ड्रोन भेजने की कोशिश रहती है। ड्रोन की ऊंचाई ज्यादा होने, कम आवाज और ब्लिंकर बंद होने की वजह से बीएसएफ को ड्रोन गिराने में कई राउंड फायर करने पड़ते हैं। मौजूदा समय में ड्रोन को जवानों के फायर से बचाने के लिए उसकी ऊंचाई बढ़ा दी जाती है। हालांकि इसके बावजूद, बीएसएफ उसे छोड़ती नहीं है।

बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में जो ड्रोन गिराए हैं, उनकी लंबाई छह सौ फुट तक रही है। पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन के साथ पीले रंग की टेप वाला एक पैकेट भी रहता है। यह रेडियम टेप की तरह दिखती रहती है। इसका इस्तेमाल इसलिए किया जाता है कि अंधेरे या खराब मौसम में वह पैकेट आसानी से नजर आ सके।

## 25 हजार एमएच की बैटरी वाले ड्रोन

कुछ ड्रोन तो ऐसे भी मिले हैं, जिनमें 25 हजार एमएच की बैटरी लगी थी। मतलब, ऐसे ड्रोन की मदद से 20-25 किलोग्राम सामान कहीं पर पहुंचाया जा सकता है। पहले जो ड्रोन आते थे, उनकी आवाज साफ सुनाई पड़ती थी। साथ ही वह ड्रोन रात को या अल सुबह आता था। उस वक्त ड्रोन की लाइटें नजर आती थीं। इससे बीएसएफ को निशाना लगाने में दिक्कत नहीं आती थी। अब ड्रोन में बदलाव के चलते बीएसएफ को हर पल सतर्कता बरतनी पड़ती है। बीएसएफ द्वारा उन सभी सीमावर्ती रास्तों पर विशेष टीमें तैनात की गई हैं, जहां से तस्कर, बॉर्डर की तरफ आ सकते हैं। इसका फायदा यह रहता है कि अगर कोई ड्रोन जो बीएसएफ की नजर में नहीं आया हो, लेकिन वह कहीं आसपास ही उतरा है, तो उस स्थिति में बीएसएफ की टीमें उन तस्करों को सामान सहित पकड़ सकती हैं।

## दो सप्ताह में ड्रोन बरामदगी का सिलसिला

### 24 अप्रैल 2024

पाकिस्तान की तरफ से पंजाब के जिले तरनतारन के खेमकरण गांव में आया ड्रोन बरामद किया गया। इस ड्रोन को लेकर बीएसएफ के पास ठोस इंटेलिजेंस इनपुट था। शाम सात बजे बीएसएफ द्वारा पंजाब पुलिस के साथ की गई सर्च में यह ड्रोन बरामद किया गया। यह ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक था।

### 25 अप्रैल, 2024

बीएसएफ ने तरनतारन के गांव नूरवाला के खेतों में पीले रंग का पैकेट बरामद किया। इस पैकेट में संदिग्ध नशीला पदार्थ बताया गया है। पैकेट के साथ चमकने वाली एक स्टिक और मेटल रिंग भी बरामद की गई। रात दस बजे सतर्क बीएसएफ जवानों ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर गांव खेमकरण के खेतों में चीन निर्मित डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके बरामद किया गया।

### 26 अप्रैल, 2024

सुबह दस बजे इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर तरनतारन के गांव कलसैन में ड्रोन बरामद किया गया। पाकिस्तान से आया वह ड्रोन भी चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक था।

### 28 अप्रैल, 2024

बीएसएफ जवानों ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर तरनतारन के गांव रजोके के खेतों में चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक बरामद किया।

### 30 अप्रैल, 2024

शाम सात बजे इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर तरनतारन के गांव खेमकरण से लगते खेतों में एक अन्य ड्रोन बरामद किया गया। पाकिस्तान से आया वह ड्रोन भी चीन निर्मित डीजेआई मेट्रिस 300 आरटीके था। गुरदासपुर जिले से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट गांव चौंतरा के खेतों में से ड्रोन बरामद किया गया। यह ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई फैंटम 4 था।

### 01 मई, 2024

बीएसएफ ने तरनतारन के ही गांव डल के खेतों में एक ड्रोन बरामद किया। बरामदगी के वक्त यह ड्रोन क्षतिग्रस्त हो चुका था। वह ड्रोन भी चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक था। सतर्क बीएसएफ जवानों ने अमृतसर के गांव धानोए के खेतों में से एक ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक बरामद किया। इस ड्रोन के साथ पीले रंग की टेप वाला एक पैकेट भी बरामद हुआ। उस पैकेट में नशीला पदार्थ था। एक मई को ही रात साढ़े दस बजे तरनतारन जिले के गांव मस्तगढ़ में बीएसएफ और पंजाब पुलिस के दस्ते ने एक अन्य ड्रोन बरामद किया। वह ड्रोन भी चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक था।

### 02 मई, 2024

बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के सहयोग से अमृतसर जिले के गांव मोड में एक बैग, पांच छोटे पैकेट और 37 जीवित कारतूस 30 बोर कैलिबर बरामद किए। नशीले पदार्थ का वजन 5.275 किलोग्राम था। इसके अलावा बीएसएफ ने अमृतसर के गांव डोक के निकट से एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को पकड़ लिया। उसके पास एक पिस्तोल, मैगजीन व 0.38 केलिबर के पांच कारतूस थे।

### 03 मई, 2024

बीएसएफ के सतर्क जवानों ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर दोपहर दो बजे अमृतसर के गांव नेस्ता के खेतों में से ड्रोन बरामद किया। दूसरा ड्रोन, अमृतसर के गांव रोरनवाला खुर्द में बरामद किया। इस ड्रोन के साथ साढ़े चार सौ ग्राम नशीला पदार्थ भी था। दोनों ही ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक थे। अमृतसर के गांव हर्दो रतन से लगते खेतों में बीएसएफ ने पीले रंग की टेप वाला एक पैकेट बरामद किया। इसमें 460 ग्राम संदिग्ध नशीला पदार्थ था। तरनतारन के गांव कालिया में बीएसएफ ने चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया। गांव संकटारा के खेतों में से बीएसएफ ने पीले रंग का एक पैकेट बरामद किया। इसमें 406 ग्राम संदिग्ध नशीला पदार्थ था। इनके अलावा अमृतसर के गांव भिंडी नैन के खेतों से 435 ग्राम नशीला पदार्थ पीले रंग की टेप वाले पैकेट में बरामद किया गया।

### 04 मई, 2024

बीएसएफ ने अमृतसर के गांव रतनखुर्द के खेतों में एक ड्रोन बरामद किया। यह ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक था। सतर्क जवानों ने गांव भरोपल के खेतों में एक पिस्टल व खाली मैगजीन बरामद की। चार मई को ही तरनतारन के गांव कलश के खेतों में एक ड्रोन बरामद किया गया। ड्रोन के साथ 416 ग्राम का एक पैकेट भी था। पीले रंग की टेप वाले उस पैकेट में नशीला पदार्थ था। वह ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक था।

### 05 मई, 2024

अमृतसर जिले के गांव हर्दो रतन में चीन निर्मित डीजेआई मेट्रिस 300 आरटीके ड्रोन बरामद किया गया। इसी जिले के अन्य गांव नेस्था में भी चीन निर्मित ड्रोन डीजेआई मेविक 3 क्लासिक बरामद किया गया। गांव रतन खुर्द में भी चीन निर्मित एक ड्रोन डीजेआई मेविक 3 क्लासिक बरामद किया गया। अमृतसर के गांव कक्कड़ के खेतों में चीन निर्मित डीजेआई मेट्रिस 300 आरटीके ड्रोन बरामद किया गया। रोरनवाला के खेतों में भी बीएसएफ ने चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया।

### 06 मई, 2024

अमृतसर के रोरनवाला के खेतों में 550 ग्राम वजन का एक पैकेट बरामद किया गया। यह पैकेट भी पीले रंग की टेप से कवर किया हुआ था।

### 07 मई, 2024

अमृतसर जिले के गांव हर्दो रतन में चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया गया। फाजिल्का के गांव गंजुआना में भी चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया गया।

### 08 मई, 2024

तरनतारन के गांव टीजे सिंह के खेतों में चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया गया। अमृतसर के गांव हर्दोरतन के निकट पिस्टल के पार्ट बरामद किए गए। आठ व नौ मई की रात को बीएसएफ ने फाजिल्का गांव के रैतेवाली भैणी से 550 ग्राम संदिग्ध नशीला पदार्थ बरामद किया।

### 09 मई, 2024

अमृतसर के रोरनवाला खुर्द के खेतों में से बीएसएफ ने चीन निर्मित डीजेआई मेविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया। इसी दिन गांव भरोपाल के खेतों से चीन निर्मित एक डीजेआई मेविक 3 क्लासिक ड्रोन और नशीले पदार्थ का पैकेट बरामद किया गया।




# कैप्टन ने मुझे भी 12 साल काला पानी कटवाया...

## प्रताप सिंह बाजवा ने अमरिंदर को लेकर आखिर क्यों कही ये बात

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** विधानसभा में विरोधी पक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा का दर्द भी कांग्रेस की जन सभा के दौरान छलका है। प्रताप सिंह बाजवा ने बाघापुराना में प्रत्याशी अमरजीत कौर साहोके के पक्ष में जन सभा की है।

अमरजीत कौर साहोके को टिकट देने के बाद नाराज हुए आज सभी विरोधी नेताओं को एक मंच पर इक्ट्ठा किया गया था।



जब वह सभी निराश नेताओं की बात कर रहे थे तो उन्होंने कांग्रेस की पूर्व विधायक जगदर्शन कौर को संबोधित होते हुए कहा कि इस तरह से निराश होने की जरूरत नहीं होती है, कैप्टन ने मुझे भी 12 साल काला पानी कटवाया है, मगर आज फिर आप सभी के सामने आ गया हूं।

### बाजवा ने बीजेपी पर साधा निशाना

बाजवा ने कहा कि कोई नहीं इस बार टिकट नहीं मिली पार्टी आपकी जरूर सुनेगी। इस समय उन्होंने पार्टी से अलग होकर संयुक्त किसान मोर्चा की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले लाली बराड़ को पार्टी में ज्वाइन करवाया है। अपने संबोधन में प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि अगर एक बार फिर केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आई तो उसने खुद राष्ट्रपति बनकर चुनाव ही नहीं होने देना है। यही नहीं यह लोग डॉ. भीमराव अंबेडकर का संविधान बदलना चाहते हैं।

### बाजवा ने अग्निवीर योजना का भी किया विरोध

प्रताप सिंह बावजा ने नरेंद्र मोदी की अग्निवीर योजना का भी विरोध किया है। उनकी तरफ से केंद्र सरकार द्वारा किसानों को एमएसपी नहीं देने पर भी विरोध जाहिर किया है। कांग्रेस ने अपने चुनाव मेनीफेस्टो में पहला यह वादा किया है कि वह स्वामीनाथन की तरफ से दिए गए फारमूले के तहत एमएसपी दी जाएगी और किसानों को कर्ज मुक्त करने का काम किया जाएगा, यही नहीं 25 साल से कम उम्र के युवाओं को एक लाख रुपए दिया जाएगा।

### बाजवा ने सिखों की मौत का मामला भी उठाया

बेअदबी के मुद्दे पर केजरीवाल और भगवंत मान को घेरा प्रताप सिंह बाजवा ने श्री गुरू ग्रंथ साहिब की बेअदबी और बहबलकलां में पुलिस गोली से मारे गए दो सिखों की मौत का मामला उठाया है। उनका कहना है कि अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान ने वादा किया था कि आईजी कुंवर विजय प्रताप सिंह की जांच रिपोर्ट को लागू किया जाएगा। अगर ईमानदार मुख्यमंत्री बना तो 24 घंटे में आरोपित जेल में होंगे। अब कुंवर विजय की ही बात नहीं सुनी जा रही है।

### सीएम मान पर भी खड़े किए सवाल

प्रताप सिंह बाजवा ने भगवंत सिंह मान के सिखी स्वरूप पर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि इंटरनेट मीडिया के अकाउंट पर भगवंत मान लिखा हुआ है, वह पगड़ी तो पहनते हैं मगर उसके नीचे केस यानि बाल नहीं है। यही नहीं कैप्टन अमरिंदर सिंह के पास दो सरकारी कोठी थीं तो इनके पास पांच हैं। यही नहीं 11 सौ मुलाजिम इनके परिवार और इनकी रक्षा में ही लगे हुए हैं। रैली में अन्य के अलावा पंजाब के विशेष आबजर्वर हरीष चौधरी, कुशलदीप सिंह किक्की ढिल्लों, गुरप्रीत सिंह कांगड़, दर्शन सिंह बराड़, जगदर्शन कौर ने भी संबोधित किया।

# जलालाबाद में भाजपा प्रत्याशी राणा गुरमीत सोढ़ी का किसानों ने किया घेराव

## पुलिस के साथ धक्का-मुक्की

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** पंजाब में भाजपा नेताओं का विरोध जारी है। जलालाबाद में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी का घेराव कर किसानों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

पुलिस किसी तरह सोढ़ी को वहां से निकालकर ले गई। सोढ़ी जलालाबाद के क्षेत्र में अपना चुनाव प्रचार भी नहीं कर सके।

शनिवार को किसानों को सोढ़ी के जलालाबाद आने की भनक लगी तो किसान सैकड़ों की संख्या में नए बस स्टैंड के पास एकत्र होना शुरू हो गए। जैसे ही सोढ़ी अपने काफिले के साथ वहां से गुजरे तो किसानों ने उनका घेराव किया और नारेबाजी की। किसान नेताओं का कहना है कि भाजपा उद्योगपतियों का साथ दे रही है। भाजपा की नीतियों से किसान बर्बाद हो चुके हैं। दोबारा देश में भाजपा की सरकार बनती है तो भारत का संविधान खत्म कर देगी।

किसान नेताओं ने कहा कि पंजाब भर में जहां भी भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार करने पहुंचेंगे वहां पर उनका घेराव किया जाएगा। उनकी मांगें भाजपा ने पूरी नहीं की है। उनके ज्यादातर किसान भाई शंभू बार्डर पर धरना लगाकर बैठे हैं।

किसानों की भीड़ में से पुलिस ने किसी तरह सोढ़ी का काफिला निकाला। किसान जत्थेबंदियों ने गांवों में भी लोगों की ड्यूटियां लगाई है, जब कोई भाजपा प्रत्याशी या कार्यकर्ता चुनाव प्रचार करने पहुंचे तो उसे काली झंडी दिखाने के अलावा विरोध कर उसे वहां से वापस लौटा दें।




# अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश, भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद; 7 तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर (हिमांशु) :** पंजाब पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने हिमाचल प्रदेश से ऑपरेट रहे अंतरराज्यीय नशा तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसटीएफ ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में एक फार्मा फैक्टरी से चल रहे साइकोट्रोपिक पदार्थ निर्माण और सप्लाई यूनिटों के अंतरराज्यीय अवैध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। यह जानकारी पंजाब के पुलिस डीजीपी गौरव यादव ने दी। गौरव यादव ने कहा कि 5 राज्यों में चलाए गए इस पूरे ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने कुल 7 नशा तस्करों, सप्लायर्स को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 70.42 लाख नशीली गोलियां, कैप्सूल, 2.37 लाख रुपए की ड्रग मनी और 725.5 किलोग्राम ड्रग ट्रामाडोल पाउडर बरामद किया है। इन 5 राज्यों में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र शामिल हैं। यह ऑपरेशन स्पेशल टास्क फोर्स, बॉर्डर रेंज अमृतसर की ओर से तरनतारन के गांव कोट मोहम्मद खान के सुखविंदर सिंह और अमृतसर के गोविंद नगर के जसप्रीत सिंह नामक 2 ड्रग तस्करों के खिलाफ हुआ। इनके आगे-पीछे के संबंधों की 3 महीने की जांच के बाद इसे चलाया गया।



गौरतलब है कि इन तस्करों को इसी साल फरवरी में ब्यास से 4.24 लाख नशीली गोलियों, कैप्सूल और 1 लाख रुपये ड्रग मनी के साथ गिरफ्तार किया गया था। इनकी गिरफ्तारी के बाद एसपी एसटीएफ विशालजीत सिंह और डीएसपी एसटीएफ वविंदर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने इस रैकेट के मुख्य सरगना एलेक्स पालीवाल को सहारनपुर में ट्रेस करके गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से 9.04 लाख नशीली गोलियां, कैप्सूल और 1.37 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई है।

### 200 मिलियन से अधिक अल्प्राजोलम टैबलेट बना डाली

सरगना एलेक्स पालीवाल के खुलासे के बाद हिमाचल प्रदेश में कार्रवाई करते हुए ड्रग कंट्रोल ऑफिसर सुखदीप सिंह और रमनीक सिंह की मौजूदगी में पुलिस टीमों ने बायोजेनेटिक ड्रग प्राइवेट लिमिटेड की जांच की और रिकॉर्ड जब्त कर लिया। इन रिकॉर्ड्स से पता चला कि कंपनी ने केवल 8 महीनों में 200 मिलियन से अधिक अल्प्राजोलम टैबलेट का निर्माण किया। रिकॉर्ड में महाराष्ट्र की मेसर्स एस्टर फार्मा को सप्लाई की बात भी सामने आई। इस संबंध में आगे की जांच में बद्दी स्थित बायोजेनेटिक ड्रग प्राइवेट लिमिटेड की दूसरी फार्मा निर्माता कंपनी स्माइलेक्स फार्मा केम ड्रग इंडस्ट्रीज का खुलासा हुआ।

स्माइलेक्स फार्मा कैम ड्रग इंडस्ट्रीज के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान 47.32 ड्रग कैप्सूल और 725.5 किलोग्राम नशीला ट्रामाडोल पाउडर जोकि 1.5 करोड़ कैप्सूल बनाने के लिए काफी था... बरामद किया गया। रिकॉर्ड्स से पता चला कि स्माइलेक्स फार्मा केम ड्रग इंडस्ट्रीज ने एक साल के भीतर 6500 किलोग्राम नशीले ट्रामाडोल पाउडर खरीदा था। इस बीच नशीले पदार्थों के ट्रांसपोर्टेशन और वितरण की जांच करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क की जांच करते हुए 4 अन्य सप्लायर्स को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान इंतिजार सलमानी, प्रिंस सलमानी, बलजिंदर सिंह और सूबा सिंह के रूप में हुई। पुलिस टीमों ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के पास एक ट्रांसपोर्टेशन वाहन से 9.80 लाख नशीली गोलियों व कैप्सूल की खेप बरामद की।